## एक नजर में

### अनुसूचित जाति / जनजाति की त्रैमासिक बैठक



**कन्नौद।** स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में अनुसूचित जाति / जनजाति अत्याचार निवारण संबंधी शासन के निर्देशानुसार त्रैमासिक बैठक का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कन्हेया लाल तिलवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आदित्य तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि माह अक्टूबर ,नवम्बर, दिसम्बर 2025 में अनुसूचित जाति/जनजाति समुदाय के कुल आठ अपराध दर्ज किए गए हैं ।इनमें सभी आठ प्रकरण लंबित होकर विवेचना जारी है। बैठक में कन्नौद तहसीलदार अंजली गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक मुजालदे, नोडल अधिकारी राधेश्याम सल्लाम , राजाराम चोखार, जिला पंचायत प्रतिनिधि संतोष काकड़िया उपस्थित थे।

### चिश्तिया ग्रुप ने किया पत्रकारों का सम्मान

**भौरासा।** नगर में हुए मुस्लिम समाज के 22 वे उर्स की खबरों का कवरेज करने पर एवं उर्स की जानकारियों को अखबार के माध्यम से दूर-दूर तक पहुंचाने के लिए चिश्तिया ग्रुप के द्वारा आज आजाद चौक मे भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुकला व पत्रकार अभय देव नागर का साफा बांधकर पुष्पमाला पहनकर स्वागत किया गया इस अवसर पर चिश्तिया ग्रुप के सदर रेहान मदनी, नायब सदर अकील बेलिम ,सोहेल पठान, ईदु साह ,समीर साह ,सादिक साह ,रईस खान, सोनू दाऊद ,गुड्डु भाई ,हम्ज़ा चिस्ती, गब्बर बेलिम ,अरसान, बिट्टू भानेज, जलाल चिस्ती, अजहर चिस्ती,अकरम चिस्ती, असलम मिर्जा, कामिल चिस्ती, मोहसिन खान, सलमान चिस्ती, सद्दाम चिस्ती, इसरार चिस्ती, इसरार चिस्ती, वाज़ेद चिस्ती,रिजवान चिस्ती, सय्यद साजिद अली दुर्ग, खालिद कुरैसी दुर्ग, हाजी इक़बाल बेग, साजिद चिस्ती,के द्वारा प्रेस क्लब अध्यक्ष का व सदस्यो का स्वागत किया गया।

### उदयपुरा से नेपाल जा रही बस पलटी खाई

**सोनकच्छ।** थाना क्षेत्र ग्राम फावड़ा में उदयपुरा से नेपाल जा रही बस क्रमांक एमपी 41 जेडडी 4421 अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। गनीमत रही की बस में सवारी न होकर सिर्फ ड्राइवर क्लीनर ही थे। उन्हें भी चोंट नही आई है। सूचना मिलने पर टोल कंपनी ने रोड डाइवर्ट करवाया व पुलिस को सूचना दी। जिस पर टीआई अजय गुर्जर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे व यातायात व्यवस्था देखी व ड्राइवर के हालचाल जाने। पुलिस ने हाईवे पर एक तरफ से ही रोड को चालू रख रखा है।

### गुर्बानी प्रदर्शनी 3 एवं 4 जनवरी को

**देवास।** आगामी 3 और 4 जनवरी 2026 को खेड़ापति इंटरनेशनल होटल में एक भव्य गुर्बानी प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी में सूट, साड़ी, ज्वेलरी, होममेड आइटम्स, बेडशीट्स इत्यादि विभिन्न स्टॉल्स होंगे, ख़रीदारी पर आकर्षक गिफ्ट भी मिलेंगे। 10,000 की ख़रीदारी पर आपको मिलेगा सिल्वर नोट। 3 जनवरी को बच्चों के लिए शतरंज प्रतियोगिता तथा 4 जनवरी को महिलाओं के लिए फैशन शो का आयोजन किया जाएगा। प्रतिभागिता के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए गुरप्रीत गांधी , कविता सिसोदिया से करें।

### अभा क्षत्रिय महासभा रामवंशज ने किया संतों का सम्मान



**देवास।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रामवंशज, देवास द्वारा नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में सभी धर्म गुरुओं का शाल और श्री फल द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय राम स्नेही संप्रदाय प्रवर्तक स्वामी 1008 श्री राम चरण जी महाराज, अनुयायी राम सुमिरन जी एवं सिख समाज गुरु सिंह सभा के धर्म गुरु के ज्ञानि जसपाल सिंह , ज्ञानि अमर सिंह का स्वागत किया गया तथा चर्च के पादरी का स्वागत किया गया तथा नायब शहर काजी नोमान अहमद अशर्फी का स्वागत किया गया। महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैनेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि सर्व धर्म सम्मान हमारे संविधान की आत्मा है। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ ठा. रविन्द्र सिंह पंवार, मनोहर सिंह मकवाना,मनोहर सिंह राजपूत, रविन्द्र सिंह चौहान ,महेश सोनी,समाज सेवी शरीफ मामू तथा संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। क्षत्रिय महासभा ने सभी देश वासियों को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी।

### ज्वलंत क्रांति भारत एकता मिशन का नववर्ष मिलन समारोह



**देवास।** 1 जनवरी 26 को ज्वलंत क्रांति भारत एकता मिशन का नववर्ष मिलन समारोह मल्हार स्मृति गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमें सामाजिक, झुग्गी बस्ती के पट्टे बनवाने के संबंध में चर्चा की गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मंजु पटेल ने की, मुख्य अतिथि जगदीश पंवार अध्यक्ष कबीर असंग सेवा समिति देवास तथा विशेष अतिथि मिशन के संस्थापक अर्जुन सोलंकी थे। अतिथियों का स्वागत मिशन के प्रदेश महासचिव आनंद कुमार सोलंकी, कमलगिरी गोस्वामी, लखन टिपानिया, चिंतामण संजय नगर, राधेश्याम सिंदल ने किया। तत्पश्चात पूरी टीम जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश पटेल का पुष्पमाला से स्वागत कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ठाकुरलाल विश्वकर्मा, जगदीश गुजराती, अनीता बाई, विजय पीपरावां, जितेन्द्र पंवार भीमसी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मिशन जिलाध्यक्ष शारदा मालवीय ने किया।

### हजजा हजजानी आस्मा बी का निधन

**भौरासा।** भौरासा नगर के इंसाफ खा पठान लाइनमैन की पत्नी ईरान पठान की माता जी हजजानी आसमा बी का निधन हो गया इनके निधन पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम नेता, दिनेश यादव, नगर अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी अध्यक्ष संजय कुमार जोशी,उपाध्यक्ष जय सिंह राणा,वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम नागर नानागुरु,राजेंद्र यादव,मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,डॉक्टर एसटी जैदी,डॉ रूप सिंह नागर,पूर्व मंडल अध्यक्ष आरामसिंह ठाकुर,कमलसिंह यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला,रमेश चंद जाजू,वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत प्रकाश मंत्री,प्रेमचंद सेठी,नरेंद्र माली,मनोज जोशी,जीवन सिंह ठाकुर,संतोष गोस्वामी,संतोष जायसवाल निशार पठान,अजहर खान,राजकुमार पटेल,पार्षद बहादर सिंह भाटिया ने श्रद्धांजलि दी।

# चामुंडा टेकरी सहित मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब







**नववर्ष पर आस्था का उत्सव**

**देवास।** कुछ वर्ष पहले तक नववर्ष का जश्न युवा वर्ग होटल, क्लबों और पर्यटन स्थलों पर मनाता था, लेकिन समय के साथ युवाओं की सोच में बदलाव साफ नजर आने लगा है। अब नववर्ष की शुरुआत आस्था और श्रद्धा के साथ मंदिरों व तीर्थ स्थलों पर जाकर की जा रही है। 1 जनवरी को हजारों श्रद्धालुओं ने नववर्ष की शुरुआत देवास की प्रसिद्ध चामुंडा टेकरी पर माता के दर्शन कर की। सुबह तड़के से ही टेकरी पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थीं, जो देर शाम तक लगातार बनी रहीं। माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही। पुलिस बल के साथ होमगार्ड व स्वयंसेवकों की भी तैनाती की गई थी। चामुंडा टेकरी के अलावा खेड़ापति हनुमान मंदिर, बिलावली स्थित शिव मंदिर, नागदा गणेश मंदिर सहित शहर और आसपास के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गुरुवार सुबह से ही मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने नववर्ष पर सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और शांति की कामना करते हुए माता और देवों के चरणों में शीश नवाया। नववर्ष का यह दृश्य यह दर्शाता है कि देवास में आस्था और संस्कृति आज भी लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनी हुई है।

**25 हजार से अधिक ने किये दर्शन**

बड़ी माता मंदिर के पुजारी शुभांशु के अनुसार, करीब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए माता टेकरी पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि दर्शन व्यवस्था सुचारु बनी रहे ।

## आयुक्त ने अधिकारी कर्मचारियों को दी नववर्ष की बधाई



**देवास।** नया वर्ष मंगलमय रहे पूरा निगम परिवार स्वस्थ रहे और सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का परिवार स्वस्थ रहे। इसी मंगल कामना के साथ निगम बैठक हॉल में आयोजित सौजन्य बैठक मे नये वर्ष की निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को आयुक्त दलीप कुमार ने बधाई दी। आयुक्त दलीप कुमार का निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेड़ेकर उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, प्र.कार्यपालन यंत्री इन्दूप्रभा भारती, कार्यालय अधिक्षक रंजीत सिंह पंजाबी, लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, सहायक यंत्री मुशाहिद हन्फी, सौरभ त्रिपाठी, जगदीश वर्मा, दिनेश चौहान के साथ सभी उपयंत्री एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत कर सम्मान किया। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि गत वर्षो की तुलना में वर्ष 2026 में भी हम अपनी कार्यशैली से अधिक नई उपलब्धियां हासिल करेंगें। आयुक्त ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को लगन मेहनत ईमानदारी से कार्य करने तथा आम नागरिकों को निगम के कार्यों में कोई परेशानी नहीं आवे ऐसी व्यवस्था में भी अत्यधिक सुधार लाने हेतु कहा। आयुक्त ने कहा कि निगम हमारी कर्मभूमि है, हमें कार्य के प्रति हमेशा सजग रहकर अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 भी आ रहा है। निगम परिवार के अधिकारी एवं कर्मचारियों को देवास शहर के नागरिकों के साथ मिलकर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में सहयोग लेना है और देवास शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल लाने हेतु कार्य करना है।

## बी एड कॉलेज के वरिष्ठ व्याख्याता शुक्ला का सेवानिवृत्ति समारोह



**देवास।** शासकीय शिक्षा महाविद्यालय देवास में वरिष्ठ व्याख्याता के पद पर कार्यरत दीपक शुक्ला का 38 वर्ष की शासकीय सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के अभिजीत सिंह बैस ने बताया कि श्री शुक्ला के सेवानिवृत्ति समारोह महाविद्यालय के बी एड के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम आयोजित कर श्री शुक्ला को पुष्पमाला पहनाकर, अलग अलग उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम पश्चात शुक्ला को ढोल धमाकों के साथ आतिशबाजी करते हुए बग्घी पर बैठाकर उनके निवास पर छोड़ा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक शुक्ला और अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार तोमर ने की। तोमर ने शुक्ला को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उनके दीर्घायु, स्वस्थ और यशस्वी जीवन की मंगल कामनाएं की। सेवानिवृत्ति के अवसर पर दीपक शुक्ला द्वारा अपने सेवा कल के संस्मरण सभी के साथ साझा किये। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने भी अपने-अपने विचार उद्बोधन के माध्यम से प्रकट किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य उमा श्रीवास्तव, ममता पारीक, बनवारीलाल बैरागी, दीपक पाटीदार, अनिल जाधव, अमृता चौधरी, वर्षा शर्मा, इंदू बारेला, श्री शुक्ला की पत्नी व पुत्री, शिक्षा विभाग के कई अधिकारी, शिक्षक आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश शर्मा और आशीष सोलंकी ने किया। अंत में आभार वर्षा शर्मा ने माना। कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्था में छात्राध्यापक रविन्द्रपाल सिंह तंवर, राजेश वर्मा आदि संतोष वर्मा, प्रज्ञा वैष्णव, सुदामा श्रीवास, हर्षवर्धन प्रजापति, राजेश वर्मा आदि सभी छात्राध्यापकों का सहयोग सहराहनीय रहा।

## गंदे पानी की शिकायतों के बाद लिया फैसला, हर दो घंटे में होगी पानी की जांच

**महापौर ने की समीक्षा बैठक**



**देवास।** महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने शहर में शुद्ध पीने के पानी को लेकर निगम के जल प्रदाय विभाग के अधिकारी एवं जल वितरण में लगे सभी कर्मचारी और सुपरवाइजरों के साथ आहूत बैठक में विस्तृत चर्चा की। महापौर ने शहर में जल वितरण पर पूरी तरह से जानकारी लेते हुए प्रत्येक वार्ड से सुपरवाइजर के द्वारा किसी भी प्रकार का गंदे पानी की शिकायत या वितरण में कोई समस्या है उस पर जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए. महापौर ने शहर में जल वितरण में लगे सभी सुपरवाइजरों से पृथक पृथक से वार्डो की जानकारी ली जिसमें कुछ वार्डो में कुछ स्थानों पर गंदे पानी की शिकायतें प्राप्त हो रही है या हुई है, उस पर किए जा रहे हैं कार्यों की भी समीक्षा की। शहर में किये जा रहे जल वितरण का समय भी पूछा समय पर जल वितरण हो रहा है, कुछ वार्डों में गंदे पानी की शिकायत प्राप्त होने पर उस समस्या का निराकरण हुआ, उस पर तथा शुद्ध जल वितरण समय पर, दिए जाने के लिए कर्मचारी एवं अधिकारियों को महापौर ने बधाई भी दी, कुछ वार्डों में पानी का प्रेशर सही नहीं होने से पानी के प्रेशर को सुधारे जाने हेतु कहा । अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने की कार्रवाई के लिए महापौर ने 15 दिवस निर्धारित किया है ,15 दिवस में अधिक से अधिक अवैध कनेक्शनों को वैध करने तथा उसकी प्रगति रिपोर्ट समक्ष में प्रस्तुत करने हेतु सभी वार्ड उपयंत्री एवं सुपरवाइजरों को कहा। जिन घरों के सामने नल कनेक्शन के अगर गड्ढे हैं तो वहां लाइन सुधार कार्य कर गड्ढे भरवाने को कहा, ताकि उसमें एकत्रित पानी से लाइनों में गंदा पानी नहीं जावे। साथ ही वार्डों में डाली जा रही अमृत 2.0 .की लाइन पर भी चर्चा करते हुए उसमें हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को शीघ्र कार्य कराने हेतु दिशा निर्देश दिए. अमृत2.0 की डाली जा रही लाइन में लेबलिंग तथा नागरिकों को दिए जा रहे हैं नल कनेक्शन पर भी आक्रोश व्यक्त किया, कंपनी के द्वारा नागरिकों को दिए जा रहे नल कनेक्शन में अतिरिक्त राशि लिए जाने की शिकायत महापौर को प्राप्त हुई, उस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए महापौर ने सख्त लहजे में व्यवस्था सुधार के लिए अधिकारियों को तथा कंपनी के टीम लीडर को निर्देश दिए, आगामी दिनों में इस प्रकार की कोई समस्या प्राप्त होती है तो कंपनी पर कार्रवाई की जाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री इंदु प्रभा भारती को दिए ।

अमृत 2.0 के अंतर्गत वार्ड में डाली जा रही लाइनों में री रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता से हो. गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए। अमृत 2,0 के अंतर्गत बान्कों की टीम निगम के शर्तों के अनुकूल कार्य समय पर नहीं कर रही है और उनके प्लंबरों के द्वारा किए जा रहे नल कनेक्शन में अतिरिक्त राशि लिए जाने की प्राप्त शिकायत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निराकरण किया जाने के भी निर्देश दिए । बैठक के दौरान महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल के साथ विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल एवं कार्यपालन यंत्री इंदु प्रभा भारती सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी दिनेश चौहान के साथ क्षिप्रा स्थित ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान लैब में पानी के शुद्धिकरण को लेकर पानी में डाली जा रही ब्लीचिंग, एलम, की मात्रा की भी जानकारी ली, तथा महापौर ने लेब में पानी की जांच हर दो घण्टे में करने के पश्चात ही पानी सप्लाय किया जाने हेतु कहा। शहर की जनता को पीने का पानी शुद्ध एवं साफ सुथरा मिले इस हेतु कार्यपालन यंत्री इंदु प्रभा भारती को निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए।

**पानी की टंकियों को साफ करने हेतु निर्देश दिए**

महापौर ने तीन दिवस में शहर की सभी जल वितरण वाली पानी की टंकियों को साफ करने हेतु कार्यपालन यंत्री एवं आई.एच.पी. कंपनी को निर्देश देते हुए दी गई समय अवधि में, सभी टंकियां साफ हो जाने की जानकारी से अवगत कराने हेतु कार्यपालन यंत्री को कहा। सभी सुपरवाइजर को अपने-अपने वार्ड क्षेत्र में खुले प्लाटों में ओपन कनेक्शन या सड़क किनारे पर ओपन नल कनेक्शन हो तो उसे बंद करने के निर्देश भी दिए।

# कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत दी छात्राओं को जानकारी

**जिले के 40 विद्यालयों का भ्रमण किया**




**देवास।** कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग के पत्र दिनांक के परिपालन में महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य जी डी सोनी के मार्गदर्शन में सत्र 2026-27 प्रवेश हेतु संपूर्ण देवास में महाविद्यालय द्वारा कॉलेज चलो अभियान चलाया गया । इसी तारतम्य में पालनार्थ महाविद्यालय द्वारा देवास जिले की विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों का भ्रमण किया गया जिसमें उक्त विद्यालयों में महाविद्यालयीन स्टाफ ने उपस्थित रहकर कन्या महाविद्यालय के बारे में, विभिन्न योजनाओं, विभिन्न पाठ्यक्रमों, खेल सुविधाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि की जानकारी छात्राओं को प्रदान की। शासन के निर्देशानुसार छात्राओं को महाविद्यालय का वीडियो दिखाया गया, ग्रामीण विद्यालय में पंचायत समिति से भेट कर महाविद्यालय में प्रवेश की अपील की गई। इसी तारतम्य में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ, व नई शिक्षा नीति प्रभारी द्वारा जानकारी प्रदान की गई। देवास जिले की दो निजी स्कूल द्वारा अपनी छात्राओं के साथ महाविद्यालय का भ्रमण किया गया। उक्त अभियान में डॉ शाजिया शेख, प्रो नेहा राठौर,प्रो रॉबिन शेख, प्रो इति चौबे, प्रो शैलेंद्र विश्वकर्मा, प्रो धर्मेंद्र,प्रो रामसितम, प्रो पूजा,प्रो बबीता,प्रो पूजा सोनी, प्रो वंदना राजपूत,प्रो वर्षा जायसवाल आदि ने देवास जिले के 40 विद्यालयों का भ्रमण कर अभियान चलाया।

शासन के निर्देशानुसार सोशल मीडिया, फेसबुक,यू ट्यूब एवं इंस्टाग्राम के माध्यम से भी अभियान का प्रचार किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ लोकेश जारवाल एवं प्रो प्रमोद परिहार थे।

## पुलिस ने ढाबे, होटल व गाड़ियों की चेकिंग



**सोनकच्छ।** नगर सहित हाईवे पर पुलिस ने नववर्ष की शुरुआत को लेकर बुधवार को जगह-जगह चैकिंग अभियान चलाया। टीआई अजय गुर्जर ने वृहद अभियान चलाते हुए मंगलवार व बुधवार को वाहन चैकिंग की। गुर्जर द्वारा दलबल को साथ लेकर देवास भोपाल हाईवे पर संदिग्ध वाहनों को रोककर उनके आवश्यक दस्तावेज की जांच की व ड्राइवर को नशा करके वाहन न चलाने की हिदायत दी।

चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट व दो पहिया वाहन चालक को हेलमेट पहनने का कहा। वहीं पुलिस ने होटल व ढाबों की चैकिंग की। साथ ही संदिग्ध दिख रहे लोगों की तलाशी ली। नववर्ष पर हुड़दंग न हो इसे लेकर देर रात्रि तक पुलिस पेट्रोलिंग करती रही।

**एक नजर** बाजीराव पेशवा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन

# दिल्ली जा रही एनसीसी साइकिल रैली देवास पहुंची



**देवास।** पुणे से प्रारंभ होकर दिल्ली जा रही एनसीसी पीएम साइकिल रैली गुरुवार को देवास पहुँची। 10 एमपी बटालियन एनसीसी उज्जैन एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास के संयुक्त तत्वावधान में रैली का भव्य स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम 10 एमपी बटालियन एनसीसी उज्जैन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन कैप्टन डॉ. संजय गाडगे ने किया। एनसीसी द्वारा आयोजित पीएम साइकिल रैली 2026 पुणे से दिल्ली तक संचालित की जा रही है। देवास शहर में रैली का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इस साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य बाजीराव पेशवा के ऐतिहासिक दिल्ली विजय अभियान की स्मृति को जनमानस में जागृत करना है। रैली में एनसीसी के 12 कैडेट्स शामिल हैं। यह रैली ब्रिगेडियर सचिन गवली, ग्रुप कमांडर, अमरावती ग्रुप मुख्यालय (महाराष्ट्र) की निगरानी में संचालित हो रही है। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष दिलीप सिंह यादव एवं मनीष पारीक उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों के रूप में शहीद संजय मीना की धर्मपत्नी एवं पिता तथा जय हिंद फौज अकादमी के पूर्व सैनिक सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा द्वारा समस्त अतिथियों का शॉल, उत्तरीय एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर लगभग 200 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे, जिनमें नारायण विद्या मंदिर क्रमांक-1, उत्कृष्ट विद्यालय नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 2, सेंट्रल इंडिया अकादमी, केपी कॉलेज देवास तथा विज्ञान महाविद्यालय देवास के कैडेट्स शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान साइकिल रैली के सदस्यों द्वारा बाजीराव पेशवा के जीवन वृत्त को लघु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। साथ ही देवास जिले की विभिन्न एनसीसी इकाइयों के कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। आयोजन को सफल बनाने में सूबेदार बलविंदर सिंह, सेकंड ऑफिसर राधेश्याम सोलंकी, थर्ड ऑफिसर रामकुमार कुशवाहा, थर्ड ऑफिसर सुनील कुमार, देवास के डॉ. संदीप नागर, इको क्लब प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन कैप्टन डॉ. संजय गाडगे ने किया तथा समापन अवसर पर कैप्टन संजय सिंह बरौनिया ने आभार प्रदर्शन किया।


**जाहिर सूचना**

हर आम व खास को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के व्दारा अनुभव मिश्रा पिता दयाशंकर मिश्रा निवासी 18 विवेकानंद कालोनी मोती बंगला देवास म.प्र. से उनके एकमेव मालकीय, स्वत्व एवं आधिपत्य का एक निर्विवाद प्लाट शहर देवास जूनियर वार्ड कमांक 26 तहसील व जिला देवास में विवेकानंद नगर कॉलोनी (मोतिबंगला के पास) पर स्थित भूखण्ड कमांक 18 जो कि पूर्व में जिर्णशिर्ण अवस्था में एक मकान था जिसे विक्रेता द्वारा तोड़ कर पुन: प्लाट कर दिया गया, जिसकी साईज 23 फीट बाय 40 फीट कुल 920 वर्गफीट (85 .50 वर्गमीटर लगभग) है एवं जिसकी चर्तु : सीमा पूर्व को - गणेश मंदिर, पश्चिम को - अन्य का मकान, उत्तर को - भारतीय गृह निर्माण कॉलोनी की दीवार., दक्षिण को - आम रास्ता को सर्वभार मुक्त स्थिती में क्रय करनें का करार किया जाकर मेरे पक्षकार व्दारा विक्रेता को आंशिक बयाना राशि अदा की जा चुकी है। उपरोक्त वर्णित प्लाट के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासकीय एवं अर्ध शासकीय विभाग आदि का कोई भी भार, बोझ, स्वत्व, अधिपत्य, ऋण, डिक्री, जमानत, मेन्टेनेंस, अनुबंध आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालयीन समय में मय लिखित दस्तावेज प्रमाण के अपनी आपत्ति रजिस्टीकृत डाक से भेजे, अवधि पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार व्दारा सौदे की संपूर्ण राशि अदा कर अपने हित में सदर प्लाट/मकान का विक्रय लेख विक्रेता से निष्पादित करवा लिया जावेगा, सो सूचित हो।

**अब्दुल अलीश खान (अभिभाषक)**
**93 तिलक नगर, देवास, मो. 8319003248**